# 2023 फॉल इकोनॉमिक स्टेटमेंट: और अधिक घरों का निर्माण करने, मध्यम-वर्ग को समर्थित करने एवं जीवन को और अधिक किफायती बनाने के लिए महत्वपूर्ण उपाय

*2023 फॉल इकोनॉमिक स्टेटमेंट (Fall Economic Statement)* में दिए गए प्रमुख उपायों में शामिल हैं:

**कैनेडा का Housing Action Plan**

- $4 बिलियन का हाउसिंग एक्सेलेरेटर फंड (Housing Accelerator Fund), जो लाल फीताशाही को कम करने और पूरे कैनेडा-भर में 100,000 से भी अधिक नए घरों का निर्माण करने में मदद कर रहा है, तेजी से;
- घरों के निर्माण के लिए और अधिक संघीय भूमि को नामित करना;
- किराए के नए आवासों से GST को हटाना, जिसमें लंबे समय के लिए किराए पर देने वाले सहकारी आवास निगम भी शामिल हैं;
- किराये के निर्माण के लिए कम लागत की फायनेंसिंग में $20 बिलियन उपलब्ध कराना, ताकि हरेक साल 30,000 और अधिक घरों का निर्माण किया जा सके
- एपार्टमेंट निर्माण ऋण कार्यक्रम (Apartment Construction Loan Program) के माध्यम से और अधिक किराये के आवासों की फायनेंसिंग के लिए ऋण में $15 बिलियन उपलब्ध कराना, ताकि 30,000 नए घरों के निर्माण में मदद मिल सके;
- सबसे अधिक कमज़ोर कैनेडावासियों के लिए और अधिक किफायती आवास के निर्माण के लिए किफायती आवास निधि (Affordable Housing Fund) में $1 बिलियन, ताकि 7,000 से भी अधिक नए घरों के निर्माण में मदद मिल सके;
- कैनेडा के अंदर लेबर के मूव होने में रुकावटों को दूर करना, जिसमें कन्सटरक्शन वर्कर और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए प्राथमिकता होगी, और कुशलता-प्राप्त कारीगरों को स्थायी निवासिता के लिए प्राथमिकता देना;
- कम समय के लिए गैर-अनुपालनीय किराएदारियों पर नकेल कसना और कम समय के लिए किराये पर प्रतिबंधों में नगरपालिका प्रवर्तन को समर्थन देना; और

- एक नया कैनेडाई मोर्टगेज चार्टर, ताकि आर्थिक संकट के खतरे वाले कैनेडावासियों द्वारा अपनी बैंक से आशा के अनुकूल मोर्टगेज राहत एक्सेस कर पाना सुनिश्चित हो सके और उन्हें अपने पेमेंट्स करने तथा अपने घरों में रह पाने में मदद मिल सके।

**सशक्त मध्यम वर्ग का समर्थन**

- कीमतें बढ़ाने वाली अनुचित प्रथाओं पर नकेल कसने के लिए कानून में सुधार के माध्यम से कैनेडा में मुकाबला को सशक्त बनाना, जिसका अर्थ है कम कीमतें और अधिक विकल्प,
- यह सुनिश्चित करना कि कैनेडा की पांच सबसे बड़ी गरोसरी की चेने कीमतों को स्थिर करने और गरोसरी के क्षेत्र में मुकाबला बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धताएँ बरकरार रखें;
- साइकोथेरेपी और काउंसलिंग सेवाओं से GST हटाना, ताकि कैनेडावासियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिक किफायती बन सके;
- जंक फीस पर नकेल कसना जारी रखना, जिसमें बैंकों द्वारा वसूली जाने वाली नॉन-सफिशियंट फंड (NSF) फीस घटाना भी शामिल है, अंतरराष्ट्रीय मोबाइल रोमिंग रेट्स की जाँच करना और यह सुनिश्चित करना कि एयरलाइंस 14 साल से कम उम्र के सभी बच्चों को उनके साथ यात्रा करने वाले वयस्क के बगल में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बैठाती हैं;
- कैनेडावासियों के अपने उपकरणों और उत्पादों की मरम्मत कराने के अधिकार के समर्थन के लिए कानून में संशोधन करना, जिसमें मैनुफैक्चरर्स को गैर-मुकाबला तरीके से मरम्मत के साधन उपलब्ध कराने से इनकार करने से रोका जाता है;
- एक नया अडापशन रोजगार बीमा (Employment Insurance) का लाभ, जो माता-पिताओं को 15 सप्ताहों के लिए साझा करने योग्य बेनेफिट्स प्रदान करेगा; और
- आधुनिक बैंकिंग की वास्तविकताएँ दर्शाने के लिए निम्न-शुल्क और बिना शुल्क के बैंकिंग खातों को बढ़ाना, और साथ ही एक स्वतंत्र ओम्बड्समैन (लोकपाल) को नामित करना, ताकि कैनेडावासियों को अपनी बैंकों के साथ शिकायतों का हल करने में मदद मिल सके।